Regarding tragic death of UPSC aspirants and strict action against authorities/officials involved in it

श्री लालजी वर्मा **(**अम्बेडकर नगर**) :** माननीय अध्यक्ष जी, यह बहुत ही दर्दनाक घटना है । इस घटना में जिस तरह से कोचिंग इंस्टिट्यूट में पानी भर गया, बच्चे निकलने का प्रयास करते रहे, आपने भी विडियो देखा होगा ।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** आपका क्या विषय है, आप यह बता दें ।

श्री लालजी वर्मा **:** मान्यवर, आपने भी विडियो देखा होगा ।

माननीय अध्यक्ष **:** अखिलेश जी, आप क्या बोलना चाहते हैं?

श्री अखिलेश यादव **(**कन्नौज**) :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं इनकी बातों से स्वयं को जोड़ते हुए कहना चाहता हूँ कि यह बहुत ही गंभीर समस्या है । जो घटना हुई है, वह एक दर्दनाक घटना है । यूपीएससी के जो स्टूडेंट्स तैयारी कर रहे थे, आखिरकार प्लैनिंग और एनओसी देने की जिम्मेदारी तो सभी अधिकारियों की है । महोदय, इसके लिए जिम्मेदार कौन हैं? उनके खिलाफ क्या कार्रवाई हो रही है?

दूसरी बात, केवल इल्लीगल बिल्डिंग्स की बात नहीं है, हम तो यूपी से देख रहे हैं । जहाँ इल्लीगल बिल्डिंग्स बनती हैं, वहाँ बुलडोज़र चलते हैं । महोदय, क्या यह सरकार बुलडोज़र चलाएगी या नहीं चलाएगी?